**संविधान दिवस** • राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में कार्यक्रम किया

# संविधान से मिले अधिकारों और कर्तव्यों का सभी लोगों को ईमानदारी से पालन करना चाहिए: कुजूर

भास्कर न्यूज़ | बलरामपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में संविधान दिवस मनाया। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य अगस्टिन कुजूर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य अगस्टिन कुजूर ने मां सरस्वती व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कुजूर ने छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया।

उन्होंने कहा कि हमें संविधान के अधिकारों व कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अमरदीप एक्का ने संविधान का महत्व बताया। उन्होंने कहा की संविधान ने हमें 6 मौलिक अधिकार के साथ ही साथ कुछ कर्तव्य भी दिए गए हैं। इसका हम सभी को भारत के नागरिक होने के नाते अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। महाविद्यालय के लेखापाल हृदयनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि जिस तरह एक परिवार को चलाने के लिए परिवार में कुछ नियम कायदे होते हैं, उसी प्रकार देश को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए व लोगों को व्यवस्थित जीवन यापन करने के लिए संविधान की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ज्योति टोप्पो व कविता यादव ने भारतीय संविधान के बारे में भाषण प्रस्तुत किया। अंत में स्वयंसेवकों ने रंगोली बनाई। बता दें कि जिले के अंतर्गत सभी विकासखण्डों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत निर्मित 96 अमृत सरोवर में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। साथ ही लोगों को उनके अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी गई।



ग्रामीण इलाके में संविधान की शपथ लेते स्थानीय लोग।

## 78 छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई गई



शासकीय गर्ल्स कॉलेज में शपथ लेतीं छात्राएं।

**बैकुंठपुर** | कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के तलवापारा में संचालित शासकीय गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में आयोजन किया गया। शुरुआत में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। यहां संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। साथ ही संविधान की शपथ दिलाई गई। साथ ही संविधान निर्माण से संबंधित प्रमुख जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज में प्रश्नोत्तरी, भाषण समेत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 78 छात्राएं शामिल हुईं। संचालन कुलदीप सिंह ने किया।

## संविधान के मूल सिद्धांत अपने जीवन में अपनाएं छात्र: देवांगन



कार्यक्रम में शामिल हुए महाविद्यालय के छात्र व अन्य।

भास्कर न्यूज़ | बलरामपुर

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एनके देवांगन की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान न केवल हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शन करता है, बल्कि यह हमारी एकता और विविधता को सशक्त बनाता है।

उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से संविधान के मूल सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. अर्चना गुप्ता ने संविधान के निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य संविधान निर्माताओं के योगदान को याद किया। साथ ही संविधान की विशेषताओं को बताया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रोफेसर योगेश कुमार राठौर ने किया। सभी ने भारत के संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़कर संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता प्रकट की। इस आयोजन में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी को संविधान की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
संविधान दिवस


राष्ट्रीय सेवा योजना
26 नवंबर
संविधान दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर (छ.ग.)
बिना हेलमेट...?
ठहरिए...
हेलमेट पहनिए,
जान बचाइए!!
अत्यधिक गति...?


योजना का नाम-जिला खनिज संस्थान न्यास
नाम- नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय
के संचालन हेतु बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल
क्त कक्ष का जिर्णोद्धार एवं पेवरब्लाक कार्य
- कार्यपालन अभियंता ग्रा. यां. सेवा
संभाग बलरामपुर
— 29.75 लाख
— 2021/2022
ांक — 11/05/2022
ांक — 25/12/2022


NATIONAL CONSTITUTION DAY
26th NOVEMBER